SUNDAY | 16.11.2025 | मार्गशीर्ष कृष्ण-द्वादशी विक्रम संवत-2082

उत्तर प्रदेश

# अमर उजाला

महानगर वर्ष 47 । अंक 300 । पृष्ठ : 22+4 । मूल्य : सात रुपये

बरेली

• 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण

**PAGE NO.- 11 : MIDDLE**

## डीजे नाइट में झूमे विद्यार्थी



एसआरएमएस में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। स्रोत : स्वयं

बरेली। श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमएस सीईटी) में आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम जेस्ट 2025 एकतत्वम का शनिवार को समापन हुआ। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण डीजे नाइट रही। देर शाम विद्यार्थी झूमते नजर आए।

ग्रुप डांस में विद्यार्थियों की विभिन्न टीमों ने फिल्मी गीतों पर प्रस्तुति दी। एसआरएमएस सीईटी का ग्रुप क्रीड प्रथम स्थान पर रहा। स्ट्रीट प्ले में भी पहला स्थान एसआरएमएस सीईटी को मिला।

टायरो क्लब की ओर से आयोजित जेस्ट-2025 एकतत्वम में सोलो सिंगिंग, मीम, कार्निवाल, महाकाव्य का अनुभव, मल्टी सीन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। सभी टीमों ने स्ट्रीट प्ले को थीम अमृत तत्वम पर अपनी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक चेयरमैन देवमूर्ति, गुडलाइफ अस्पताल की डायरेक्टर ऋचा मूर्ति, डीन एकेडेमिक्स डॉ. प्रभाकर गुप्ता, सुभाष मेहरा, आईएमएस प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. जसप्रीत कौर व अन्य उपस्थित रहे। संवाद